हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार, 17 मई 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]


तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


12 क्रिकेट संगठन समर कैंप के समापन मैच में ...



12 मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने छात्रों को मोटर यान व ...





## 10वीं व 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782 (1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़-490023**

इच्छुक छात्र आवेदन करें

फायर सेफ्टी के कोर्स

1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)



6 माह सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी

Advt.


## खबर संक्षेप

### शराब पीने की सुविधा देते पकड़ाई महिला, हुई कार्रवाई



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत के कच्चे चौकी अंतर्गत पर्रेकोड़ो मेन रोड किनारे दुकान में एक महिला शराब सेवन करने वालों को शराब पीने मे सुविधा चखना, गिलास व बैठने का जगह देने की जानकारी मिलने पर 15 मई को छापामार कार्यवाई किया। पुलिस को आता देख शराब पीने वाले भागने में कामयाब हुए। मौके पर आरोपी पर्रेकोड़ो निवासी 28 वर्षीय दुर्गेश्वरी बम्बेड़ा पिता त्रिभुवन बम्बेड़ा को पुलिस ने पकड़ा। कब्जे से 2 नग स्टील गिलास, एक हरा रंग का बीयर बाटल एवं एक सफेद रंग का प्लास्टिक बाटल मिला, गिलास व बाटल में शराब कि गंध आ रही थी। आरोपी के खिलाफ धारा 36 सी आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### युवक की इलाज के दौरान मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** कोण्डागांव निवासी 22 वर्षीय रविकांत समरत को सीएससी चारामा में ईलाज के लिए भर्ती किया गया था। ईलाज के दोरान युवक का मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक रविकांत को ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। ईलाज के दौरान 15 मई को मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

**मौसम :** पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में हुआ बदलाव, जल्द मानूसन आने की संभावना

# जेठ को चढ़े हुए चार दिन बीते, सूर्य भगवान को तेवर दिखाने का भी नहीं मिला मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- मौसम विभाग ने किया दावा, 10 दिनों तक सूरज की लुकाछिपी का चलेगा खेल

कांकेर में शाम होते ही दूसरे दिन भी मौसम ने मिजाज बदला। पहले दिन की अपेक्षा दूसरे दिन शहर में तेज हवाओं के साथ बादल की गड़गड़ाहट और तेज बिजली चमकने लगी। शुक्रवार 16 मई को शाम होते ही अचानक मौसम बदल गया। शाम साढ़े 4 बजें तेज हवा चलने लगी और झमाझम बारिश हुई। बारिश ने वातावरण को ठंडा कर दिया। जेठ के महीने में हो रही सावन सी बारिश इसकी तस्दीक है। जेठ को चढ़े हुए चार दिन बीत चुके हैं लेकिन अब तक उसे अपनी मान्यता के मुताबिक तेवर दिखाने का अवसर नहीं मिल पाया है।

रायपुर मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबकि एक पश्चिमी विक्षोभ 73 डिग्री पूर्व और 32 डिग्री उत्तर में स्थित है। इसके अलावा एक चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तर प्रदेश और उससे लगे बिहार के ऊपर 0.9 किलोमीटर की ऊंचाई तक सक्रिय है। इसी क्षेत्र से एक द्रोणिका दक्षिण ओडिशा तक, छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर की ऊंचाई तक विस्तारित है। वहीं एक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका पश्चिमी विदर्भ से केरल तक 1.5 किलोमीटर की ऊंचाई तक फैली हुई है। इन्हीं मौसम प्रणालियों के चलते बारिश और तेज हवाओं की गतिविधियां बनी हुई है और इससे मौसम में बदलाव हो रहा है। तेज गर्मी के बाद लगातार दो दिन शाम होते ही मौसम बदल रहा है और ठंडी हवाओं के साथा बारिश हो रही है। दूसरे दिन के बारिश से लोगो को काफी राहत मिली। पहले दिन हल्की बारिश होने की वजह से उमस लगने लगा था, लेकिन दूसरे दिन तेज बारिश होने के कारण वातावरण ठंडा हो गया, जिससे लोगो ने राहत की सास ली। तेज गर्जना के कारण बिजली विभाग ने कुछ समय के लिए बिजली की सप्लाई बंद कर दिया।



### दस दिनों तक सूर्य की लुकाछिपी का चलेगा खेल



पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेशभर में बादलों की आवाजाही बनी हुई है और मौसम विभाग ने आने वाले चार दिनों तक तेज हवा और गरज-चमक के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है। अगले 10 दिनो तक धूप-छांव का दौर बना रहेगा। कई इलाकों में हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने के आसार हैं। बारिश के इस सिलसिले का असर तापमान पर भी देखने को मिल रहा है। गुरूवार की अपेक्षा शुक्रवार को जिले में तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बस्तर संभाग और उससे लगे जिलों में अगले दो दिनों तक भारी बारिश का संभावना जताई जा रही है।

### पश्चिमी विक्षोभ ने जेठ के तेवर को किया फीका

कई बार विशाल अनुभव के आधार पर मानव द्वारा स्थापित मान्यताएं भी प्रकृति खेल में फेल हो जाती है। जेठ के महीने में हो रही सावन सी बारिश इसकी तस्दीक है। जेठ को चढ़े हुए चार दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक उसे अपनी मान्यता के मुताबिक तेवर दिखाने का अवसर नहीं मिल पाया है। पश्चिमी विक्षोभ ने उसके तेवर को चढने नहीं दिया।

### मानसून पहले दे सकता है दस्तक

मौसम विभाग आईएमडी के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून 14 मई बुधवार को बंगाल की खाड़ी पहुंच गया। यह 27 मई को केरल में दस्तक देगा। यानी मानसून आने में 12 दिन बचे हैं। मानसून ने मंगलवार को निकोबार द्वीप समूह पर दस्तक दी थी। हर साल 22 मई के आसपास अंडमान में प्रवेश करने वाला मानसून इस साल नौ दिन पहले आया है। मानूसन 27 मई को दस्तक देगा तो यह तस्वीर 2009 जैसी होगी, इस साल भी मानसून जल्दी आया था।

## हाराडुला के सुशासन शिविर में ग्रामीणों की समस्या का हुआ निदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

- जिलास्तरीय शिविर में हितग्राहियों की मिले उपकरण व सामग्री

प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित सुशासन तिहार के तीसरे चरण में समाधान शिविरों का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है, जहां ग्रामीण अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी जा रही है। इसी तारतम्य में आज चारामा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत हाराडुला में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

समाधान शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। उक्त क्लस्टर में सुशासन तिहार के तहत विभिन्न मांग एवं शिकायत को लेकर प्राप्त 3190 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें 3166 मांग और 24 शिकायत शामिल हैं, जिसमें 3163



आवेदनों का मौके पर निराकृत किया गया। श्रम विभाग द्वारा 04 ग्रामीणों को श्रम कार्ड वितरित किए गए। मनरेगा के तहत 13 ग्रामीणों को जॉब कार्ड प्रदान किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 02 महिलाओं की गोद भराई रस्म एवं 04 बच्चों का अन्नप्राशन जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकानों की चाबियां सौंपी गईं। समाज कल्याण विभाग द्वारा 03 बुजुर्गों को छड़ी तथा 02 ग्रामीणों को श्रवण यंत्र प्रदान किए गए। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 12 हितग्राहियों को शौचालय निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। शिविर के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं ▶▶| शेष पेज 10 पर

## पानी की समस्या से राहत, बोर पम्प को सफाई कर किया चालू



**चारामा।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन त्योहार में नगर की समस्याओं के समाधान करने के लिए नगर के विभिन्न वार्डों के समस्या को दूर करने शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिससे अनेक प्रकार के कार्य के लिए आवेदन प्राप्त हो रहा है। सुशासन त्योहार में नगर के वार्ड क्रमांक 08 में डबरी तलाब के पास बोर सफाई करवाने के लिए आवेदन किया गया था। आवेदन पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने तत्काल वार्ड वासियों की मांग पर कार्य शुरू करवाया गया और बोर पम्प को सफाई करवा कर बोर को सुचारु रूप से चालू करवाया गया, जिसमें नगर के वार्ड नंबर 08, 05, 06 एवं 07 के वार्ड वासियों को इस भीषण गर्मी में पानी की समस्या से राहत मिल सके। शिविर में नगर के लोगों को राशन कार्ड ▶▶| शेष पेज 10 पर

## केन्द्राध्यक्षों को दिया गया जिला स्तरीय प्रशिक्षण, प्री बीएड डीएलएड प्रवेश परीक्षा 22 मई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- परीक्षा केन्द्रों में आवश्यक मूलभूत सुविधा मुहैया कराने कलेक्टर ने दिए निर्देश



छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित प्री बीएड एवं प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा को लेकर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की उपस्थिति में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में केन्द्राध्यक्षों को जिला स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान कलेक्टर ने आगामी 22 मई को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने एवं नियमों का पालन करने की बात कही और साथ ही परीक्षा केन्द्रां की साफ-सफाई एवं मूलभूत सुविधा मुहैया कराने के लिए केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर ने केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पानी की व्यवस्था के साथ आपातकालीन स्थिति के लिए इमरजेन्सी बल्ब की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने परीक्षा का सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी तथा सहायक संचालक शिक्षा लक्ष्मण कावड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके अलावा परीक्षा केन्द्रों के मुख्य गेट पर जिम्मेदार व्यक्ति की ड्यूटी लगाने, प्रवेश के पूर्व परीक्षार्थी के प्रवेश पत्र व पहचान पत्र की अच्छी तरह जॉच ▶▶| शेष पेज 10 पर

### प्रथम पाली सुबह 10 बजे और द्वितीय पाली 2 बजे से

प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि प्रथम पाली प्री बीएड परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसके लिए 27 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, जिसमें 5901 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी प्रकार अपराह्न 02 बजे से सायं 4.15 बजे तक आयोजित होने वाली द्वितीय पाली प्री डीएलएड के लिए 45 परीक्षा केन्द्रों में 9213 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

**ग्राम गुमडीडिही के पास हुआ सड़क हादसा**

## जानवर को बचाने के चक्कर में वाहन पलटा, गंभीर चोट आने पर एक की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

दुर्गूकोंदल थानांतर्गत ग्राम गुमडीडिही के पास जानवर को बचाने के चक्कर में चार पहिया वाहन पलट गई। वाहन में तीन लोग सवार थे, जिसमें एक को गंभीर चोट आया। घायल को ईलाज के लिए कोण्डे अस्पताल ले गए, जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गया। थाना में शिकायत करने पहुंचे एमपी के थाना सिहोनियां अंतर्गत ग्राम इकहरा निवासी 28 वर्षीय रघुवीर सिंह तोमर पिता राम रतन सिंह तोमर ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में अन्नपूर्णापारा सुभाष वार्ड में रहता हूं। विगत दो माह से बीएसएनएल नेटवर्क में डीटी इंजीनियर के पद पर मुख्यालय कांकेर में काम कर रहा हूं और 15 मई को मेरे छोटे भाई शैलेन्द्र सिंह तोमर व ड्रायवर चन्द्रेश सिंह परमार के साथ सरकारी कार्य से साईड में काम करने पखांजुर जा रहे थे। पखांजुर जाते समय ग्राम गुमडीडिही के पास वाहन क्रमांक सीजी 04 एचयू 0140 के सामने अचानक जानवर आ जाने के कारण ड्रायवर चन्द्रेश सिंह परमार के द्वारा जानवर को बचाते समय वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर वाहन को पलटा दिया, जिसे मेरे छोटे भाई शैलेन्द्र सिंह तोमर का कोण्डे अस्पताल में ईलाज के लिए ले गए। ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानवर के बीच में आने के कारण हादसा हुआ है। पुलिस को खबर मिलते ही मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का पीएम करवाते हुए शव को परिजनों को सौपा गया। मृतक के भाई की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी वाहन चालक चन्द्रेश सिंह परमार के खिलाफ धारा 106 (1), 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।







**खबर संक्षेप**

### डाक विभाग ने शुरू किया ज्ञान पोस्ट

**कोण्डागांव।** भारतीय डाक विभाग द्वारा डाक सेवाओं के माध्यम से ज्ञान पोस्ट की शुरुआत की गई है। इस सम्बंध में उपसंभागीय निरीक्षक डाक आरएस मिश्रा ने बताया कि इस पहल के माध्यम से डाक विभाग सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व की शिक्षा को बढ़ावा देगा साथ ही शैक्षणिक पुस्तकें, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित पाठ्य पुस्तकें भेजने के लिए एक विशेष सेवा प्रदान करेगा। पुस्तकों पर ट्रेक व ट्रेस सुविधा उपलब्ध होगी। अब ज्ञान की डिलीवरी किफायती होगी। पैकेट्स बेहद किफायती दरों पर भेजे जा सकेंगे, जिसमें 300 ग्राम तक 20 रु और 5 किलोग्राम तक 100 रु में भेजे जा सकते है। ज्ञान पोस्ट शिक्षा के क्षेत्र में अभिनव पहल है।

### जिला अस्पताल में संचालित केंटीन में खाद्य सामग्रियों की हुई जांच



**कोण्डागांव।** जिला चिकित्सालय कोण्डागांव में संचालित केंटीन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डी के देवांगन द्वारा निरीक्षण कर खाद्य सामाग्रियों के जांच हेतु नमूने लिये गए। मरीजों के लिए तैयार भोजन में से दाल और सब्जी तथा सूखा राशन का नमूना लिया गया है और इसे जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। कैंटीन के निरीक्षण के दौरान खाद्य लाइसेंस के नियमों के पालन में कुछ कमियां पाई गई हैं। जिसे सुधार करने के लिए निर्देशित किया गया है।

### बडबत्तर के जामपारा पुलिया हुई क्षतिग्रस्त, हादसों का खतरा बढ़ा

**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिले के बड़ेराजपुर ब्लॉक के बड़बत्तर पंचायत के जामपारा पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से लोगों को परेशानी हो रही है। मालूम हो कि इस मार्ग से ग्रामीणों के साथ ही स्कूली बच्चे आना–जाना करते हैं, लेकिन पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से बड़े हादसे का खतरा बना हुआ है। शनिवार साप्ताहिक बाजार होने से दो पहिए से लेकर चार पहिया वाहनों को हमेशा परेशानी होती है। इस सड़क से कुल्दाडिही, पीढ़ापाल, तितरखंड, गम्हरी पिटीसपाल, हरवेल, धामनपुरी, किबड़ा सहित अन्य गांवों तक पहुंचा जाता है।

### छतीसगढ़ लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष ने शिल्पकारों के साथ की बैठक

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने आज जिला कार्यालय में जिले के लौह शिल्पकारों के साथ बैठक ली। बैठक में लौह शिल्पियों के कल्याण के लिए शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस अवसर शासन द्वारा स्थानीय कलाकारों की आय में वृद्धि के लिए शासन की योजनाओं और किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी। श्री विश्वकर्मा ने शिल्पकला के वर्कशॉप डोंगरी गुड़ा का भी निरीक्षण किया।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत परिणय सूत्र में बंधे 48 जोड़े

## प्रभारी मंत्री श्री देवांगन सहित जनप्रतिनिधियों ने नवयुगलों को दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राज्य शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत आज विकासखंड माकड़ी के मड़ी प्रांगण में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 48 जोड़े परिणय सूत्र में बंधकर दाम्पत्य जीवन की शुरूआत की। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री लखन लाल देवांगन एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी और अन्य जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने राज्य में गरीब परिवारों के लिए एक रुपए में चावल और नमक फ्री में उपलब्ध कराया। किसानों को ब्याज मुक्त ऋण दिया गया। इस तरह कई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई। बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने नवदंपत्तियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पहले गरीब परिवारों को बेटियों की शादी के लिए चिंता रहती थी, लेकिन अब मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से बिना किसी कर्ज के शादी से परिजनों को बहुत राहत मिल रही है। पूर्व विधायक सेवकराम नेताम ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी नवविवाहितों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विवाह के बाद सभी जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया और सभी जोड़े को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत कन्या के नाम से 35 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम वैदिक रीति–रिवाजों और अनुष्ठानों के साथ गायत्री समाज के प्रतिनिधियों द्वारा संपन्न कराया गया। नवदंपत्तियों के परिजनों ने भी इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।





**ये रहे उपस्थित** – इस अवसर पर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, जिला पंचायत सदस्य रदमा बघेल व भगवती नेताम, जनपद पंचायत अध्यक्ष जुगबती पोयाम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## समाधान शिविर में शामिल हुए प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन

# रांधना में 150 हितग्राहियों को राशन कार्ड, जॉब कार्ड श्रम पंजीयन कार्ड सहित अन्य योजनाओं का मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



सुशासन तिहार में प्रभारी मंत्री तथा वाणिज्य एवं उद्योग एवं श्रम विभाग मंत्री लखन लाल देवांगन ने आज माकड़ी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रांधना में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। शिविर में उन्होंने विभिन्न विभागों के स्टॉल में अधिकारियों से सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदन के निराकरण की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों से आवेदनों पर त्वरित एवं पारदर्शी ढंग से निदान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कोंडागांव विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी भी उपस्थित रहीं।

■ मांगों का मौके पर ही किया जा रहा है निराकरण : लखन लाल

श्रम मंत्री श्री देवांगन ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार के सुशासन के 15 माह पूरे हो रहे हैं। सुशासन तिहार के तहत गांव गांव में ग्रामीणों के समस्याओं के निदान के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल से शासन गांव गांव में पहुंच रही है और ग्रामीणों की समस्याऐं सीधे संवाद कर रही है। कई मांगों का मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है वहीं कुछ मांगों का निर्धारित समय सीमा में कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय भी कड़ी धूप में गांव गांव पहुंचकर ग्रामीणों से सीधे संवाद कर योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन का फीडबैक ले रहे हैं और समस्याओं का निराकरण भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के विकास के साथ साथ गौरव भी बढ़ाया है। मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य के विकास को गति मिली है और समाज के हर वर्ग का कल्याण हो रहा है।

**जल के अपव्यय को रोकने की दिलाई शपथ :** कोंडागांव विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से गांवों में शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार के गत 15 माह में विकास की गति और शासकीय कार्यो्र में पारदर्शिता आई है। पूर्व विधायक सेवकराम नेताम ने कहा कि सुशासन तिहार से ग्रामीणों की समस्याओं और मांगों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। शिविर में प्रभारी मंत्री, विधायक एवं अन्य अतिथियों ने विभिन्न योजनाओं के तहत ग्रामीणों को हितग्राहीमूलक सामग्री वितरित किए। शिविर में उद्यानिकी विभाग द्वारा 19 हितग्राहियों को सब्जी बीज और जैविक खाद, मत्स्य पालन विभाग द्वारा 02 हितग्राहियों को मछली जाल, खाद्य विभाग द्वारा 55 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 05 हितग्राहियों को आवास स्वी—ति पत्र, 44 हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड, समाज कल्याण विभाग द्वारा 01 दिव्यांगजन को व्हीलचेयर, श्रम विभाग द्वारा 24 को श्रम पंजीयन सहित कई अन्य योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिला। समाधान शिविर में प्रभारी मंत्री ने समस्त ग्रामवासियों ने जल संरक्षण के तहत प्रत्येक घर में वाटर हार्वेस्टिंग लगवाने, पानी के मूल्य को समझते हुए जल के अपव्यय को रोकने की शपथ दिलाई।

**ये रहे उपस्थित** – इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रदमा बघेल व श्रीमती भगवती नेताम, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जुगबती पोयामा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पीएम आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों का हुआ सामूहिक गृह प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राज्य शासन के निर्देशानुसार कोंडागांव सहित पूरे राज्य में पीएम आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों के लिए मंगलवार को गृह प्रवेश समारोह आयोजित किया गया। इसी कड़ी में जिले के समस्त जनपदों में भी गृह प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया।

■ पक्का आवास मिलने पर हितग्राहियों ने जताई खुशी

इस दौरान लाभार्थी परिवारों को पूरे हर्षोल्लास के और रीति रिवाजों के साथ गृह प्रवेश कराया गया। गृह प्रवेश कार्यक्रम को ख़ास बनाने के लिए प्रत्येक हितग्राही के घर में रंगोली बनाकर दीप प्रज्वलन तथा हवन–पूजन जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस आयोजन में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। जिससे जनभागीदारी को बढ़ावा मिला। गृह प्रवेश कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई और उन्हें संबंधित योजनाओं से जोड़ने की पहल की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल एक आवास देना नहीं, बल्कि लाभार्थियों के परिवार में सामाजिक व आर्थिक बदलाव लाना है।

**अन्य योजनाओं का भी लाभ मिला** – इसी कड़ी में विकासखंड केशकाल के ग्राम पंचायत आवरा भाटा के हितग्राही झगडू राम के नव निर्मित आवास में भी विधि विधान से पूजा अर्चना कर विधिवत गृह प्रवेश कराया गया। झगड़ू राम ने बताया कि अब उन्हें कच्चे मकान में होने वाली परेशानियों से मुक्ति मिली है। साथ ही आवास के साथ शासन की अन्य योजनाओं का भी लाभ मिला है। अब वे अपने मकान में परिवार के साथ सुकून से जीवन यापन करेंगे। इस अवसर पर योजना का लाभ पाकर हितग्राही झगड़ू राम भावुक हो उठे और शासन की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ दिलाने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व शासन प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## गर्भवती महिलाओं की सभी आवश्यक जांच कराएं सुनिश्चित : कलेक्टर



**फरसगांव।** कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के साथ शुक्रवार को फरसगांव विकासखण्ड के बड़ेडोंगर क्षेत्र का दौरा कर ग्राम पंचायत भोंगापाल में स्वास्थ्य केन्द्र और हाई स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर भोंगापाल का निरीक्षण करते हुए स्टॉफ की उपब्धता एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

उन्होंने सभी स्टॉफ से स्वास्थ्य गतिविधियों की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि गर्भवती महिलाओं की नियमित निगरानी के साथ सभी आवश्यक जांच सुनिश्चित कराएं। सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ शिशु का जन्म के लिए यह बहुत ही जरूरी है। उन्होंने हाई रिस्क वाले महिलाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। कलेक्टर ने अस्पताल परिसर में स्टॉफ के लिए आवासीय सुविधा हेतु भवन बनाने के लिए निर्देश स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए।

**आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के दिए निर्देश :** उन्होंने भोंगापाल के हाई स्कूल भवन का भी निरीक्षण किया, जहां ग्रामीणों ने छत से पानी टपकने सहित विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इसके पश्चात उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर बड़ेडोंगर का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं से रूबरू हुए और सभी स्वास्थ्य कर्मियों को साफ-सफाई के साथ सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश दिए।
इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी अभिनव उपाध्याय, बीएमओ ज्योतिर्माई प्रभावती, डॉ अजय जायसवाल, थाना प्रभारी अखिलेश धीवर सहित अन्य ग्रामीण जन अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाने विशेष शिविर 19 मई से 21 मई तक

**कोण्डागांव।** एक अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत सभी प्रकार के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। लोगों की सुविधा के लिये जिले में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की बुकिंग एवं फिटमेंन्ट कार्य के लिए 3 दिवसीय शिविर का आयोजन 19 मई 2025 से 21 मई 2025 तक जिला परिवहन कार्यालय कोण्डागांव में किया जाएगा।

एचएसआरपी नंबर प्लेट के लिए आवेदन के लिए लोगों को अपने साथ वाहन का आरसी कार्ड एवं आधार कार्ड के साथ आना होगा एवं निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के पश्चात नंबर प्लेट के लिए आवेदन किया जायेगा। जिसके पश्चात एक सप्ताह के भीतर जिला परिवहन कार्यालय कोण्डागांव में आकर वाहन में नंबर प्लेट लगाया जा सकता है। साथ ही जिन लोगों का वाहन में मोबाईल नंबर अपटेड नहीं है उन वाहनों में मोबाईल नंबर अपटेड का भी कार्य जिला परिवहन कार्यालय कोण्डागांव में किया जायेगा।

■ जिला परिवहन कार्यालय कोण्डागांव में लग रहा है शिविर

घर बैठै भी कर सकते हैं ऑनलाईन अप्लाई –

सरकार द्वारा सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट एचएसआरपी लगाने के लिए अधिकृत पंजीकृत पोर्टल जारी किया गया है। जिसके माध्यम से ऑनलाईन एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने के लिए आवेदन किया जा सकता है। उस साइट में जाकर अपनी सभी आवश्यक विवरण जैसे वाहन नंबर, चेसिस नंबर, इंजन नंबर, पता, मोबाईल नंबर, और फ्यूल ऑप्शन आदि भरने के पश्चात पंजीकृत मो. नंबर पर ओटीपी प्राप्त होगा जिसके पश्चात निर्धारित शुल्क भुगतान करने के पश्चात एक रसीद मिलेगी, जैसे ही वाहन का हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट तैयार हो जाएगी, मोबाइल पर उसका मैसेज आ जाएगा। इसके बाद अधीकृत डीलर के पास जाकर उसे लगवा सकेंगे।

## सेलून में चाकूबाजी मामले में फरार दो आरोपी ओडिशा से गिरफ्तार

**जगदलपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में 12 मई की रात सेलून में फेसियल करा रहे दो युवकों पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले दो फरार आरोपी को ओडिशा से गिरफ्तार किया गया है। वहीं मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन व एएसपी माहेश्वर नाग, सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल एवं नोडल सायबर सेल डीएसपी गितिका साहू के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली भोलासिंह राजपूत के नेतृत्व में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित किया गया था। एएसपी माहेश्वर नाग ने बताया कि प्रार्थी हिमांशु नागे 25 साल निवासी पनारापारा प्रवीर वार्ड द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 12 मई की रात वह अपने मित्र धीरज ठाकुर व कमलेश नायक के साथ समुंद चौक स्थित कृष्णा सेलून के पास खडे थे इस दौरान सुमित पाण्डे सेलून के अन्दर फेसियल करवा रहा था तभी रात लगभग 9.30 बजे आरोपी अमित शर्मा व विवेक कश्यप उर्फ गबदू व उनके अन्य साथी हमारे पास आये और पुराने रंजिश की बात पर अश्लिल गाली गलौच करते हुए एक राय होकर सुमित पाण्डे व धीरज ठाकुर से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हत्या करने की नियत से धारदार चाकू से प्राणघातक हमला कर चोट पहुंचाया गया था, घटना के बाद दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



## सूने घर से लाखों के जेवरात चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

**जगदलपुर।** परपा थाना क्षेत्र के पल्लीगांव के सूने मकान से लाखों के सोने चांदी के जेवरात चोरी करने वाले पंजाब के शातिर आरोपी मंगल सिंह को गिरफ्तार कर अमृतसर से ट्रांजिट रिमाण्ड में जगदलपुर लाया गया। आरोपी के कब्जे से 5 लाख रूपए के जेवरात, बाईक व अन्य सामान बरामद कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। लाखों के जेवरात चोरी मामले की गंभीरता से लेते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी केशलूर लक्ष्मण पोटाई, साईबर सेल नोडल अधिकारी डीएसपी गितीका साहू के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी परपा मोहम्मद तारिक हरीश और सायबर सेल प्रभारी दिलबाग सिंग के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। एएसपी माहेश्वर नाग ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पंजाब का शातिर आरोपी मंगल सिंग उर्फ मंगा 37 वर्ष निवासी ग्राम टोंग चैकी-रैया थाना ब्यास जिला अमृतसर पंजाब, हाल-नगरनार कुम्हारपारा पेशे से ट्रक चालक है। इसके खिलाफ पंजाब के ब्यास थाना एवं अन्य थानों में कई गंभीर मामले दर्ज हैं।



## डेंगू मच्छरों से फैलने वाला गंभीर रोग

**दंतेवाड़ा।** डेंगू दिवस के अवसर पर जिले में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को डेंगू के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. देश दीपक ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि डेंगू मच्छरों से फैलने वाला एक गंभीर रोग है, लेकिन थोड़ी सी सतर्कता और स्वच्छता अपनाकर इससे प्रभावी रूप से बचा जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों और आस पास जल जमाव न होने दें, पानी की टंकियों को ढक कर रखें तथा सप्ताह में कम से कम एक दिन टंकी की सफाई अवश्य करें।जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली निकाली गई और बैनर, पोस्टर एवं होर्डिंग के माध्यम से लोगों को जानकारी दी गई। मलेरिया अधिकारी ने बताया कि यदि किसी को बुखार, सिर दर्द या शरीर पर लाल चकत्ते जैसे लक्षण नजर आएं तो तुरंत चिकित्सीय सलाह लें।

**पेज 9 के शेष**

### हाराडुला के सुशासन...

का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराकर ग्रामीणों को सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिन्हा, जनपद पंचायत के अध्यक्ष जागेश्वरी भास्कर, जनपद पंचायत सदस्य चारामा रेणुका सिन्हा सहित हाराडुला, गितपहर, हल्बा, जेपरा, तुएगहन, भिरौद सरपंच सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### पानी की समस्या...

का वितरण किया गया, जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमंत कुमार नेताम, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष अंजू सोनकर, नेता प्रतिपक्ष संतोष ओझा, पार्षद लोकेश सोनकर, संदीप मेश्राम, पूर्व पार्षद धर्मेन्द्र सोनकर सहित वार्डवासी व नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### केन्द्राध्यक्षों को दिया...

करने के निर्देश दिए। मेन गेट पर परीक्षा केन्द्र क्रमांक नाम और परीक्षा का नाम बड़े अक्षरों में लिखवाएं और साथ ही परीक्षा कक्ष में वीक्षकों के मोबाइल फोन उपयोग करना वर्जित है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल सहित जिले के प्रशिक्षणार्थीगण उपस्थित रहे।

## सुशासन तिहार के अंतर्गत क्रेडा सीईओ का कोण्डागांव दौरा

# शासकीय योजनाओं के अंतर्गत स्थापित किए जा रहे संयंत्रों का सीईओ ने किया निरीक्षण, ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश सिंह राणा द्वारा सुशासन तिहार के तहत 14 मई को कोण्डागांव जिले के ग्राम भण्डारसिवनी, पिपरा एवं पतोड़ा में सौर ऊर्जा परियोजनाओं के अंतर्गत स्थापित संयंत्रें के गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न ग्रामों में औचक निरीक्षण किया गया एवं वहा उपस्थित आम नागरिको से सीधी बातचीत की। इस दौरान उन्होने योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया।

सर्वप्रथम सीईओ क्रेडा द्वारा जिला के ग्राम–पिपरा चिख्लाडीहपारा में जल जीवन मिशन फेस–02 अंतर्गत स्थापित सोलर पेयजल संयंत्र का निरीक्षण किया गया जिसमें स्थापित संयंत्र कार्यशील पाया गया। निरीक्षण दौरान सीईओ क्रेडा द्वारा स्थापित पेयजल संयंत्र के समीप निवासरत मोहन मरकाम से संयंत्र की उपयोगिता के विषय में जानकारी ली जिसमें ग्रामीण मोहन मरकाम द्वारा गोंडी भाषा में संयंत्र के सुचारु रुप से कियान्वयन एवं पेयजल की सुविधा के लिए इस योजना के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की एवं सीईओ कंडा से पीएचई की पाईप लाईन संयंत्र से जोड़े जाने का अनुरोध किया। जिस पर सीईओ क्रेडा द्वारा स्थल पर उपस्थित अधिकारियों को पीएचई विभाग से समन्वय कर यथाशीघ्र पाईप लाईन कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये।



**मछली पालन व मक्के की खेती की दी गई जानकारी :** उसके पश्चात विकासखण्ड–फरसगांव के ग्राम पतोड़ा में लाभान्वित हितग्राही दीनूराम नाग के खेत में सौर सुजला योजना अंतर्गत स्थापित सोलर पंप का निरीक्षण किया गया। जिसमें हितग्राही द्वारा सोलर पंप से मछली पालन एवं मक्के की खेती कर व्यवसाय किये जाने की जानकारी दी गई एवं सोलर पंप की स्थापना के उपरांत से उनके जीवन में आये सकारात्मक बदलाव के विषय में सीईओ क्रेडा को अवगत कराते हुये हर्ष व्यक्त किया गया। इसी क्रम में सौर सुजला योजना के नीचे चरण में प्रदेश स्तर पर स्थापित किये जा रहे सोलर पंप की गुणवत्ता मैदानी स्तर पर पता किये जाने के लिए सीईओ क्रेडा द्वारा विकासखण्ड–फरसगांव के ग्राम भण्डारसीवनी के किसान मानिकलाल के खेत में स्थापित सोलर पंप का निरीक्षण किया गया और हितग्राहियों से चर्चा की। चर्चा के दौरान हितग्राही द्वारा सोलर पंप संयंत्र के उपयोगी होने एवं कृषि कार्य के लिए लाभकारी होने की बात कही गई।

## खबर संक्षेप

### महतारी वंदन योजना फुलबगड़ी की अनिता के लिए बना सहारा



**सुकमा।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें हर तरह से सबल एवं सक्षम बनाने हेतु शुरू की गई महतारी वंदन योजना राज्य के महिलाओं के लिए हर तरह से उपयोगी एवं अत्यंत लाभप्रद सिद्ध हो रहा है। राज्य की महिलाएं इस योजना से प्रतिमाह मिलने वाली राशि का उपयोग इलाज, घरेलु कार्य एवं अन्य जरूरी कार्यों के लिए करने के साथ-साथ अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा-दीक्षा दिलाने में भी कर रहीं है। राज्य शासन का महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना सुकमा जिले के आदिवासी बहुल ग्राम फुलबगड़ी की ग्रामीण महिला माड़वी अनिता के लिए मुश्किल वक्त का सहारा बन गया है। अनिता ने बताया कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह मिलने वाली राशि भविष्य में उनके बच्चों के पढ़ाई-लिखाई के लिए बहुत बड़ा सहारा बनेगा। मेरी दो बेटियां हैं उनके उज्जवल भविष्य के लिए महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि को मैं प्रतिमाह सुकन्या समृद्धि योजना के बैंक खाते में जमा करती हूँ। मैं बहुत ख़ुश हूँ। इस तरह से छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा महतारी वंदन योजना लागू करने से अनिता के परिवार की बहुत बड़ी चिंता दूर हुई है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार को हृदय से धन्यवाद देते हुए उनके प्रति विनम्र आभार व्यक्त किया है।

### प्लेसमेंट कैम्प 22 को

**जगदलपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जगदलपुर में 22 मई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। निजी प्राईवेट क्षेत्र के एक नियोजक के कुल 11 पद एवं योग्याता तथा वेतन पदानुसार अनुभवी को प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यक्षेत्र जगदलपुर, कोण्डागांव और दंतेवाड़ा पदों की पूर्ति हेतु भर्ती किया जाएगा।

## निधन

### लोकेश्वर राव



**जगदलपुर।** आड़ावाल पंचायत के ओरना कैंप निवासी के लोकेश्वर राव का आज सुबह निधन हो गया। वे कुछ दिनो से अस्वस्थ थे। निवास से शुक्रवार को अंतिम यात्रा निकली। गोरिया बहार मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें परिजन समाज के लोगों सहित गांव के लोग बड़ी संख्या में अंतिम यात्रा मे शामिल हुये। वे पत्नी समेत भरा परिवार छोड़ गये।

# 9 करोड़ से अधिक लागत वाले विकास कार्यों की बदौलत मुलेर बनेगा विकसित ग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

दंतेवाड़ा जिले के कुआकोंडा ब्लॉक का सुदुर सीमावर्ती गांव मुलेर कभी धुर माओवाद प्रभावित क्षेत्र में गिना जाता था। मूलभूत सुविधाओं से वंचित और विकास से दूर हाशिये में रहे मुलेर में आज बदलाव की बयार बह रही है।

इस गांव में अब विकास कार्यों की गूंज सुनाई दे रही है। यह सब संभव हो पाया है 'नियद नेल्लानार योजना' के प्रभावी क्रियान्वयन से, जिसने प्रशासन और आम जनता के बीच विश्वास की एक नई डोर बांधी है। जहां पहले ग्रामीण सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल और पुल-पुलिया जैसी बुनियादी



सुविधाओं के लिए ग्रामीणों को संघर्ष करना पड़ता था, वहीं अब इन सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। योजना के तहत मुलेर ग्राम पंचायत में कुल 62 विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसकी अनुमानित लागत 9 करोड़ 32 लाख 58 हजार रुपये है। इन कार्यों में से 11 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, 11 कार्य प्रगतिरत हैं, और 30 कार्यों की जल्द ही शुरुआत की जाएगी। उल्लेखनीय है कि ये सभी कार्य डीएमएफ एवं मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) के अंतर्गत संचालित किए जा रहे हैं, जिससे न केवल आधारभूत ढांचे का निर्माण हो रहा है बल्कि ग्रामीणों को रोजगार भी मिल रहा है।

### 474 माड़िया जनजातीय निवासियों को मिल रहा लाभ

कुआकोंडा ब्लॉक अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मुलेर, जो जिला मुख्यालय से लगभग 90 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, में बुनियादी सुविधाओं और शासन की योजनाओं का लाभ जनजातीय समाज तक पहुंच रहा है। इस ग्राम पंचायत में कुल 112 घर और 474 की जनसंख्या है, जिसमें सभी माड़िया जनजाति के लोग निवास करते हैं। ग्राम में 11 हैंडपंप, 2 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं, वहीं बच्चे हितावर के नहाड़ी आश्रम में अध्ययनरत हैं। ग्राम पंचायत में 81 मनरेगा जॉब कार्ड, 123 राशन कार्ड, 15 विधवा पेंशन, 8 वृद्धावस्था पेंशन, 37 किसान क्रेडिट कार्ड, 120 नल जल योजना के लाभार्थी, 55 श्रमिक पंजीयन और 30 महतारी वंदन योजना के हितग्राही पंजीकृत हैं। ये सभी योजनाएं मुख्य रूप से नेल्लानार ग्राम के तहत संचालित की जा रही हैं। ग्राम वासियों को उम्मीद है कि शासन की इन योजनाओं से उनकी जीवनशैली में सुधार आएगा और बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का और विस्तार होगा। इस क्रम 15 मई को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा सुशासन तिहार अभियान अंतर्गत मुलेर ग्राम में चौपाल लगाई गई थी। जहां उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए मुलेर ग्राम के सर्वांगीण विकास का आह्वान करते हुए ग्रामीणों से सहभागिता की अपील की। इसके साथ ही कलेक्टर कुणाल दुदावत ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि मुलेर में सभी विभागों की योजनाओं क्रियान्वयन मिशन मोड में किया जा रहा है। इस क्रम में यहां प्रेफ्रिकेटकेड आंगनबाड़ी,उचित मूल्य की दुकान का निर्माण किया गया है।

### गांव की बदलती तस्वीर

मुलेर गांव में हो रहे बदलाव केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनका प्रत्यक्ष प्रभाव गांव की जमीनी हकीकत में देखा जा सकता है। जिन सड़कों से पहले केवल पैदल चलना संभव था, अब वहां ग्रामीण वाहन चलाते दिखाई दे रहे हैं। जल जीवन मिशन के बेहतरीन क्रियान्वयन से मुलेर ग्राम के शत प्रतिशत घरों में नलों से पेयजल की सुविधा प्राप्त है। जिसका माननीय मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं अवलोकन किया गया। नियद नेल्लानार का मूल उद्देश्य था जहां प्रशासन नहीं पहुंचा, वहां तक पहुंच बनाना। इस संकल्पना को जमीनी स्तर पर उतारने में जिला प्रशासन ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ग्रामीणों और प्रशासन के बीच संवाद को प्रोत्साहित किया गया, जिससे लोग अपनी आवश्यकताओं और समस्याओं को खुलकर साझा कर पाए। इसी के परिणाम स्वरूप अब ग्रामीण स्वयं अपने गांव के विकास में भागीदारी निभा रहे हैं। दंतेवाड़ा प्रशासन की यह पहल केवल मुलेर तक सीमित नहीं रहेगी। आने वाले समय में योजना के विस्तार के साथ जिले के अन्य सुदूर और वंचित इलाकों तक यह परिवर्तनकारी पहल पहुंचाई जाएगी।

# शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने सुशासन तिहार बना कारगर : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के परिकल्पना का साकार करने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आम नागरिकों के समस्या का त्वरित निराकरण करने, शासन-प्रशासन का जनता के बीच संवाद स्थापित करने समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

- प्रभारी मंत्री ने समाधान शिविर का किया औचक निरीक्षण



नगरपालिका बीजापुर अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 5, 6 एवं 7 के वार्ड वासियों एवं जनसाधारण की समस्याओं के समाधान एवं समाधान पेटी में प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु सुशासन तिहार के तीसरे चरण में जैतालूर मार्ग पर स्थित हल्बा समाज भवन परिसर में आज समाधान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। मंत्री के आकस्मिक उपस्थिति पर जनसाधारण में उत्साह देखने को मिला मंत्री केदार कश्यप द्वारा दीप प्रज्वलन कर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार जन साधारण की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने उनके मांगो को पूरा करने के लिए विगत दो माह से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल तक समाधान पेटी के माध्यम से प्राप्त आवेदनों को निराकृत करते हुए आवेदकों को अवगत भी कराया जा रहा है। प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। वहीं बीजापुर प्रवास के दौरान जिले के विकास को नई दिशा देने बीजापुर में शांति, सौहार्द्र और अहिंसा के स्थापना के साथ जिले के सर्वांगीण विकास हेतु गहन समीक्षा करते हुऐ जिले के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। बीजापुर जिला का गठन एवं उनके निरंतर विकास के बारे में बताते हुए कहा कि हमारी सरकार ने बीजापुर को जिले का स्वरूप प्रदान किया। पहले आतंक और भय का वातावरण होता था लेकिन अब निरंतर विकास शासकीय योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन अधोसंरचना सड़क, पुल, पुलिया, बिजली, पानी, अस्पताल, स्कूल जैसे नागरिक सुविधाओं के विस्तार से बीजापुर जिले का स्वरूप लगातार बदल रहा है। सकारात्मक, बदलाव, का यह सिलसिला जारी रहेगा।

मंत्री ने हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाते हुऐ कहा जिसमें राजस्व विभाग अन्तर्गत जन्म के तुरंत बाद जाति प्रमाण पत्र प्रदाय करते हुऐ बताया कि पहले जाति प्रमाण पत्र के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती थी जो अब आसानी से घर पर पहुंचा कर दिया जा रहा है। इसी तरह रसोई गैस हर किसी को नहीं मिल पाता था जो आज प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत प्रत्येक घरों में रसोई गैस मिल रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को बताते हुए कहा कि गंभीर बीमारी के ईलाज के लिए लोगों को घर, जमीन, जायदाद बेचने पड़ जाते थे जो आज 5 लाख रूपए तक निःशुल्क एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधा सरकार द्वारा दी जा रही है। मंत्री ने कहा कि सभी योजनाओं का समुचित लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुसार सरकारी तंत्र की पहुंच अंतिम छोर तक हो और अंतिम व्यक्ति तक योजनाएं पहुंचे इसके अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, राजस्व सहित विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को मंच के माध्यम से लाभान्वित किया गया। उक्त शिविर के माध्यम से प्राप्त 87 आवेदनों में से 75 आवेदनों के निराकरण एवं शेष 12 आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही करने की जानकारी दी गई। वहीं शिकायत के प्राप्त 3 आवेदनों का शतप्रतिशत निराकरण किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी ने उपस्थित जनसमुदाय को शासन के योजनाओं का समुचित लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर कलेक्टर संबित मिश्रा, डीएफओ रामाकृष्णा वाय, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

पालनार ग्राउंड में 24 टीमों के बीच घमासान

## 25 वर्षों की परंपरा के साथ शहीद वीर बिरसामुंडा क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

ग्राम पंचायत पालनार में शहीद वीर बिरसामुंडा स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन इस वर्ष भी उत्साहपूर्वक किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट आजाद युवा स्पोर्ट्स क्लब के द्वारा लगातार 25 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है, जो क्षेत्र के युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। इस वर्ष जिले की कुल 24 टीमों ने टूर्नामेंट में भाग लिया है।

विजेता टीम को 51,000, उपविजेता को 31,000 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 15,000 का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही अन्य आकर्षक पुरस्कार भी प्रतिभागियों के लिए रखे गए हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी, जिला कलेक्टर कुणाल दुधावत, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी तथा जनपद अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी ने संयुक्त रूप से खेल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुमित भदोरिया, ग्राम पंचायत पालनार के सरपंच राहुल वेट्टी, आज़ाद युवा स्पोर्ट्स क्लब के पदाधिकारी, खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। यह टूर्नामेंट न केवल खेल प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्रदान करता है, बल्कि शहीद वीर बिरसा मुंडा जैसे वीर सपूत की स्मृति को भी जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## मूर्तिकार चित्रकार संघ ने मांग को लेकर सौपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

छत्तीसगढ़ पेंटर, मूर्तिकार संघ जिला इकाई के समस्त कलाकारों ने जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी से मिलकर स्थानीय कलाकारों को जिले में रोजगार देने के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

संघ के पदाधिकारी का कहना है कि जिले के अधिकारियों द्वारा ठेकेदार को काम दिया जाता है और ठेकेदार अन्य जिले एवं अन्य प्रदेश के कलाकारों से कम रेट पर काम करवा लेते हैं। जिससे हमारे जिले के मूर्तिकार एवं चित्रकार साथियों को काम नहीं मिलता है। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय हो जाती है। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष से अनुरोध किया है कि



जिला के स्थानीय पेंटर/मूर्तिकार को ही काम दिया जाए जिससे स्थानीय कलाकार बेरोजगार ना हो। इस दौरान दंतेवाड़ा जिला संरक्षक रघु कौशल, दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष राजेश सोना, उपाध्यक्ष सुरेश नायक, कोषाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, संतोष, सचिव जयकुमार नाग एवं अन्य सदस्यों में पलक कुमार, महादेव, उमेश जगराह, सतीश, साजिद खान, अरुण, बजनू कोवासी, सामनाथ अटामी एवं अन्य पेंटर व मूर्तिकार उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य केंद्र में कर्मचारियों की टीबी की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम विकासखंड के अंतर्गत आने वाले सभी स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत कर्मचारी के टीबी की जांच की गई।

खण्ड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर गौतम कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मचारी लगातार टीवी से संक्रमित मरीजों के संपर्क में रहते हैं जिससे उनके स्वास्थ्य पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ने का खतरा रहता है। इसलिए गीदम विकासखंड के अंतर्गत कार्यरत सभी कर्मचारियों के टीबी की जांच की जा रही है।

इस दौरान एक छोटे से इंजेक्शन के माध्यम से उसे त्वचा



में लगाया जाता है यदि इंजेक्शन लगने के दो-तीन दिन बाद किसी भी कर्मचारी को टी वी के लक्षण दिखते हैं तो उसकी त्वचा पर लाल और उभरी गांठे दिखाई देती है और यदि कर्मचारी स्वस्थ होता है तो उसके शरीर पर किसी प्रकार का अन्य संक्रमण समझ में नहीं आता है। डॉक्टर गौतम कुमार ने बताया कि टीवी एक गंभीर बीमारी है जो मा इ को बै क टी रि य म ट्यूबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया के कारण होती है। उन्होंने बताया कि टीवी के लक्षणों में खांसी, बुखार, वजन कम होना और रात में पसीना आना शामिल हैं। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मचारियों की भी टी वी जांच की गई, जो टीवी मरीजों के संपर्क में आते हैं। स्वास्थ्य कर्मचारियों को इंजेक्शन लगाकर उनके शरीर में टीवी के लक्षणों की जांच की गई। इस जांच के माध्यम से यह पता लगाया गया कि स्वास्थ्य कर्मचारी टी वी रोग से ग्रसित तो नहीं हैं।

डॉ. गौतम कुमार ने बताया कि टीवी की जांच करना बहुत जरूरी है क्योंकि इसका इलाज संभव है। उन्होंने बताया कि अगर टीवी का इलाज समय पर नहीं किया जाता है, तो यह बीमारी गंभीर रूप ले सकती है और अन्य लोगों को भी संक्रमित कर सकती है।

## विधायक लखेश्वर की पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश से सौजन्य भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल आज जगदलपुर स्थित सर्किट हाउस में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सौजन्य मुलाकात की। इस भेंट के दौरान दोनों नेताओं के बीच प्रदेश की वर्तमान सामाजिक, राजनैतिक और विकासात्मक स्थिति को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। सौजन्य मुलाकात के दौरान विधायक लखेश्वर बघेल ने बस्तर अंचल में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी साझा की तथा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए राज्य स्तर पर सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

भूपेश बघेल ने भी बस्तर की सामाजिक-सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए क्षेत्र के विकास हेतु निरंतर प्रयासरत रहने की बात कही। यह मुलाकात पूरी तरह सौजन्यपूर्ण रही, जिसमें दोनों नेताओं के बीच विचारों का आदान-प्रदान हुआ और प्रदेश की जनहितकारी नीतियों को लेकर भविष्य की दिशा पर चर्चा की गई।

## लर्निंग लाईसेंस मिलने पर विमला के चेहरे पर आई मुस्कान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और मार्गदर्शन में जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है जिसमें चिन्हांकित पंचायतों में शिविर लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

सुशासन तिहार अंतर्गत सुकमा विकासखंड के ग्राम जीरमपाल में आयोजित समाधान शिविर में परिवहन विभाग के स्टाल में सुश्री विमला वंडो ने लाईसेंस बनवाने के लिए आवेदन किया था।समाधान शिविर में उन्होंने लर्निंग लाईसेंस के लिए आवेदन पेश किया जिनको जिला परिवहन अधिकारी एसबी रावटे के द्वारा एक सप्ताह में लर्निंग लाईसेंस बनाकर प्रदान किया गया। लाइसेंस बन जाने से वे बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा कि शासन की यह महत्वपूर्ण और लाभकारी पहल है, जिससे ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। गांवों में समाधान शिविर लगने से आवेदकों का समय और राशि दोनों की बचत हो रही है। उन्होंने लर्निंग लाईसेंस मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया।

इसी प्रकार कोंटा विकासखंड के गोरगुंडा निवासी मड़कम माड़ा ने बताया कि सुशासन तिहार के अंतर्गत उन्होंने लाइसेंस बनाने के लिए आवेदन किया था। 1 सप्ताह के अंदर मुझे लर्निंग लाइसेंस बनाकर दिया गया। समाधान शिविर के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार आम जनता के द्वार तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है।



## जनपद अध्यक्ष ने बच्चों का बढ़ाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

बस्तर विकासखंड के संकुल केंद्र राजपुर में शासन के निर्देश पर आयोजित समर कैंप में बच्चों और युवाओं का उत्साह देखने लायक रहा। कैंप में विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें तकनीकी युग के लिए तैयार होने की प्रेरणा दी।

इस समर कैंप में बच्चों को कंप्यूटर हार्डवेयर-सॉफ्टवेयर, इंग्लिश स्पीकिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, जैसी रचनात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

गाँव के उत्साही युवा भी इस पहल में जुड़कर मोहल्ला क्लास के माध्यम से बच्चों को तकनीकी ज्ञान से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। बच्चों में कौशल विकास अत्यंत आवश्यक है। इस तरह के शिविर उन्हें आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से सक्षम बना सकते हैं। गाँव के युवा जिस तरह से बच्चों को सिखा रहे हैं, वह सराहनीय है। पालकों को चाहिए कि वे अधिक से अधिक बच्चों को इसमें जोड़ें। समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चों ने स्थायी कंप्यूटर लैब की आवश्यकता जताई। शिक्षकों ने बच्चों की सीखने की ललक और तकनीकी उपकरणों में रुचि की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि संसाधनों की उपलब्धता से बच्चों की प्रतिभा को और अधिक निखारा जा सकता है। इस अवसर पर गाँव के गंभीरनाथ कश्यप, रघुनाथ कश्यप, भदरु कश्यप, लक्ष्मी वैद्य, संकुल समन्वयक गजेंद्र ठाकुर, पालकगण और शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

### विद्यालय में दाखिला प्रवेश की अंतिम तिथि 30 तक

**जगदलपुर।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत लोक शिक्षण संचालनालय इंद्रावती भवन नवा रायपुर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रथम लाटरी में बस्तर जिले अंतर्गत कुल 550 छात्र-छात्राओं का ऑनलाईन लाटरी के माध्यम से चयन किया गया है। उक्त चयनित आवेदनों का विद्यालय में दाखिला प्रवेश कार्य अंतिम तिथि 30 मई तक लोक शिक्षण संचालनालय इंद्रावती भवन नवा रायपुर द्वारा निर्धारित किया गया है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**
**ग्राम कोकड़ी तहसील कांकेर**

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका फूलेश्वरी जैन पति तिलक राम जैन, जाति कलार, निवासी ग्राम कोकड़ी, तहसील कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) द्वारा ग्राम कोकड़ी, तहसील कांकेर स्थित उनके भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 297/4 रकबा 0.4800 हे. में से 0.02 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन हेतु आवेदन पेश किया गया है, जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 30.05.2025 को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 15.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**कांकेर जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**

## शिक्षा की गुणवत्ता और ड्रॉपआउट मुक्त पंचायतों पर विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज : दंतेवाड़ा

कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समग्र समीक्षा बैठक का आयोजन आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। बैठक की शुरुआत में कलेक्टर ने हाल ही में संपन्न बोर्ड परीक्षाओं में जिले द्वारा प्राप्त ऐतिहासिक उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने जिले द्वारा कक्षा 10वीं में छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान तथा कक्षा 12वीं में छठवां स्थान प्राप्त करने को टीम वर्क और विभागीय प्रतिबद्धता का परिणाम बताया। इस संबंध में उन्होंने शिक्षा विभाग की पूरी टीम को बधाई देते हुए भविष्य में भी इस प्रकार उत्कृष्ट कार्य जारी रखने की प्रेरणा दी। कलेक्टर ने आगामी सत्र के लिए यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि पाठ्य पुस्तकों का वितरण, गणवेश वितरण, तथा पात्र विद्यार्थियों को साइकिल वितरण शैक्षणिक सत्र की शुरुआती दो महीनों के भीतर पूर्ण हो जाए।

## खबर संक्षेप

### बिजली गिरने से युवक की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत 30 वर्षीय राजकुमार वैध का आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। शामतरा निवासी भागबली वैध ने पुलिस को बताया कि मृतक 15 मई को आम पेड़ के नीचे था। तभी आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### अस्पताल में नाबालिग की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोरर थाना क्षेत्र के 16 वर्षीय देवलाल का ईलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक का स्वास्थ्य खराब होने पर ईलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था, जिसका ईलाज के दौरान 14 मई को मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### अज्ञात का शव बरामद, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत साहू बीमा केंद्र के सामने बारमदा में 15 मई को अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। शव के बारे में जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। गोविंदपुर निवासी सुनील कुमार यादव ने पुलिस को बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसकी उम्र 40-45 वर्ष जो मटमैला रंग का शर्ट व सफेद पैजामा पहना हुआ है, मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### 209 कुष्ठ रोगियों के उपचार व बचाव पर चर्चा

**जगदलपुर।** जिला स्तरीय कुष्ठ समीक्षा बैठक का आयोजन डॉ. संजय बसाक के निर्देश, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. वीरेंद्र ठाकुर के मार्गदर्शन में गुरूवार को लेप्रा सोसाइटी एवं जिला स्वास्थ समिति के सहयोग से संपन्न हुआ। बस्तर जिला में वर्तमान में उपचाररत 209 रोगियों के उपचार एवं विकृति अक्षमता से बचाव के लिए उपलब्ध सुविधाओं सहित नए रोगियों को खोजने के माध्यमों पर चर्चा की गई। लेप्रा सोसाइटी द्वारा दी जा रही निशुल्क सेवाओं और भविष्य में कुष्ठ रोगियों को सही समय पर निदान उपचार पर पीपीटी के माध्यम से अपना प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया।

## समर कैंप : 40 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया भाग

# क्रिकेट संगठन समर कैंप के समापन मैच में चारामा व्हाइट बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा




■ चारामा क्रिकेट संगठन का आयोजन

चारामा क्रिकेट संगठन द्वारा आयोजित समर कैंप 2025 का समापन हुआ, जिसमें एक माह तक चारामा नगर और आसपास के गांवों के 5 वर्ष से लेकर 20 वर्ष तक के कुल 40 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने इस कैंप के माध्यम से अपनी फिटनेस, क्रिकेट स्किल्स और मानसिक मजबूती को निखारने का महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त किया।

समापन के अंतिम दिन तीन टीमों के बीच मैत्रीपूर्ण प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें चारामा व्हाइट टीम ने सर्वाधिक मैच जीतकर समर कैंप की विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया एवं अंतिम दिवस पर प्रत्येक बच्चे को चारामा थाना प्रभारी जितेंद्र साहू के हाथों सर्टिफिकेट प्रदान करते हुए बच्चो को ज्ञान वर्धक बाते बताई, जिसमें शरीरिक मानसिक और बौद्धिक रूप से सुदृढ़ बनने की बात कहे, वही बच्चो को सही मार्ग पर चलकर लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा दिया। विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान किया गया, इसके अलावा बेस्ट प्लेयर ऑफ समर कैंप अरनव तिवारी, बेस्ट बैट्समैन लक्ष्मीकांत, बेस्ट बॉलर निश्चय बोस, बेस्ट विकेटकीपर अभिनव तिवारी, राइजिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अर्पित, फेयर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अक्षत सुखदेवे को निक्की स्पोर्ट्स चारामा द्वारा ट्रॉफी प्रदान किया गया।

चारामा क्रिकेट संगठन के अध्यक्ष अंकित शर्मा ने कहा कि बहुत-सी चुनौतियों के बावजूद चारामा में ड्यूस बॉल क्रिकेट को सफलतापूर्वक शुरू किया गया है। यह कैंप लगातार दो वर्षों से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें अनुभवी कोच खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करते हैं और उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमारा उद्देश्य केवल क्रिकेट सिखाना नहीं, बल्कि बच्चों को आत्मविश्वासी, अनुशासित और लक्ष्य-केन्द्रित बनाना है। खेल के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देना ही इस समर कैंप की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

इस अवसर पर और उपाध्यक्ष चंद्र शिवम सिन्हा, कोच निखिल देवांगन कोच सोमेश जुर्री, नवीन राय तरुण देवदास, विनय पाण्डेय, सुनील ठाकुर, राजेन्द्र ओझा, तुसार नागवंशी, मिथलेश शर्मा वरिष्ठगण एवं खिलाड़ियों के अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने छात्रों को मोटर यान व अन्य अधिनियमों से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



■ पीएमश्री उमावि नरहरदेव में लगा था विधिक साक्षरता शिविर

पीएमश्री उमावि नरहरदेव आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भास्कर मिश्र द्वारा छात्रों को मोटर यान अधिनियम एवं अन्य नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भास्कर मिश्र द्वारा विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली निःशुल्क सेवाओं के बारे मे अवगत कराया गया और बताया गया कि यदि कोई व्यक्ति अपने मुकदमे को लड़ने के लिये अधिवक्ता करने में सक्षम नहीं है तो उसे निःशुल्क विधिक सहायता के अंतर्गत निःशुल्क अधिवक्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को मोटरयान अधिनियम की जानकारी देते हुए बताया गया कि जिन व्यक्तियों के पास कोई भी मोटर वाहन है उन्हें वाहन से संबंधित रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, बीमा सर्टिफिकेट, वाहन चालक अनुज्ञप्ति साथ में रखना अत्यंत आवश्यक है साथ ही यह भी बताया गया यदि किसी व्यक्ति के द्वारा अपने वाहन का बीमा नहीं कराया गया है और ऐसे वाहन से किसी व्यक्ति को कोई दुर्घटना हो जाती है तो ऐसे पीड़ित व्यक्ति द्वारा क्षतिपूर्ति हेतु दावा किये जाने पर क्षतिपूर्ति की राशि वाहन स्वामी को देना होता है यदि वाहन का बीमा रहता है तो क्षतिपूर्ति की राशि बीमा कंपनी द्वारा दी जाती है। उक्त शिविर में उपस्थित लोगों को साईबर अपराध एवं बाल श्रम संबंधी कानूनों की भी जानकारी दी गयी। शिविर में विद्यालय के प्राचार्य, अध्यापक, छात्र-छात्राएं और विधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

# श्रवण यंत्र पाकर कोटवार दशरथ की जिंदगी में आया सुनहरा बदलाव



■ कोटवार दशरथ ने सीएम साय प्रति प्रकट किया आभार

**कांकेर।** सुशासन शिविर के माध्यम से ग्राम पंचायत रानीडोंगरी निवासी कोटवार दशरथ लाल मंडावी की जिंदगी में नई रोशनी आई है। आज चारामा विकासखण्ड के ग्राम हाराडुला में आयोजित समाधान शिविर में उन्हें श्रवण यंत्र प्रदान किया गया, जिससे अब उन्हें सुनने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। कोटवार ने बताया कि उन्होंने सुशासन तिहार के दौरान ग्राम पंचायत रानीडोंगरी में आवेदन प्रस्तुत किया था। लंबे समय से सुनने में तकलीफ के कारण उन्हें कार्यस्थल और दैनिक जीवन में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। श्रवण यंत्र मिलने के बाद अब वे संवाद स्थापित करने में सक्षम होंगे और अपने कर्तव्यों को बेहतर ढंग से कर पाएंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट किया है, जिनकी सुशासन नीति के तहत यह सहायता संभव हो पाई। शासन की योजनाएं सही तरीके से ग्रामीण अंचलों तक पहुंच रही हैं और वहां के निवासियों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है।

# दो पिकअप में हुई भीषण भिड़ंत, महिला की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




हल्बा चौकी अंतर्गत हल्बा तालाब मोड़ के पास रोड पर पिकअप वाहन के पलट जाने से एक महिला को गंभीर चोट आने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतिक धमतरी जिला के केरेगांव थानांतर्गत ग्रमा सियारीनाला निवासी 50 वर्षीय जगोतिन गण्डावी पति सियाराम गण्डावी 25 अप्रैल को शाम 5 बजें अपने गांव सियारीनाल के लगभग 13-14 लोगों के साथ पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 05 एपी 7666 में सवार होकर चारामा थानांतर्गत ग्राम पण्डरीपानी में रिश्तेदार गौतम मंडावी के घर शादी टीकावन कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। वापिस घर सियारीनाला जाते समय रात करीबन 11 बजे के आसपास ग्राम हल्बा तालाब मोड़ के पास रोड पर पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 05 एपी 7666 के पीछे चारामा तरफ से आ रहे पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 एनयू 6825 के चालक द्वारा तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ओवर टेक करते समय पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 05 एपी 7666 को पीछे से ठोकर मार दिया, जिससे पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 05 एपी 7666 रोड पर पलट गया और पिकअप में सवार सभी व्यक्तियों को चोटें आई, जिसमें जगोतिन बाई को सिर पर गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 एनयू 6852 के चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 125 (बी), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।

# मामूली बात पर दो महिला में हुआ विवाद, मारपीट करने की हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



■ बच्चों के खेलने से नाराज़ महिला ने बॉल देने से किया मना, मांगने पर महिलाओं में हुआ विवाद

भानुप्रतापपुर थानांतर्गत वार्ड क्रमांक 1 में बच्चों के खेलने के दौरान बॉल दुकान के शटर और घर के दरवाजा में लगता था, जिससे परेशान होकर महिला ने बॉल को अपने पास रख लिया, तभी खेल रहे बच्चों की मां दुकान में पहुंची और बच्चों के खेलने वाली बॉल को मांगने लगी। कुछ देर बाद दोनो के बीच विवाद हो गया व विवाद मारपीट में बदल गया। थाना में शिकायत करने पहुंचे वार्ड क्रमांक 1 संजयपारा भानुप्रतापपुर निवासी 55 वर्षीय जैलेंद्र पति भागीरथी ने पुलिस को बताया कि 16 मई को सुबह घर पर थी, तभी लगभग 7 बजे आरोपी शारदा बेसरा मेरे घर आकर बच्चो के खेलने वाली बॉल को मांगने आई। मेरे पत्नी ने उससे कहा कि मेरे दुकान के सामने आपके बच्चे खेलते रहते है और मेरे दुकान के दरवाजा (शटर) में बॉल पड़ता है, मै बॉल नहीं दूंगी। आरोपी शारदा बेसरा बाल नहीं देने की बात कहने पर गाली देते हुए हाथ मुक्का व लात से मारपीट करते हुए कहने लगी कि तुझे जान से मारकर खत्म कर दूंगी कहते हुए मारपीट करने लगी। मारपीट करने से मेरे चेहरा व दाहिना हाथ में चोट आई है तथा मारपीट से मेरे शरीर मे दर्द हो रही है। आरोपी महिला बच्चों को खेलने से रोकने के बजाए हमारे से ही विवाद करने लगी ओर अचानक हम पर हमला बोल दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी शारदा बेसरा के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

# युक्तियुक्तकरण नीति में विद्यार्थी हित की अनदेखी

हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन जिला - बस्तर के अध्यक्ष डॉ अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी ने युक्तियुक्तकरण नीति के त्रुटिपूर्ण बिंदुओं के विरोध में ज्ञापन मुख्यमंत्री, सचिव स्कूल शिक्षा विभाग एवं संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ को दिया है। उन्होंने बताया कि फेडरेशन ने शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण को कक्षाओं की संख्या एवं विषय आधारित किये जाने का सुझाव दिया है। उन्होंने बताया कि युक्तियुक्तकरण नीति 28 अप्रेल पूर्णतः 2 अगस्त 2024 का नकल है। जिसमें विद्यार्थी हित को पुनः अनदेखा किया गया है। फेडरेशन का कहना है कि प्राथमिक शिक्षा से विद्यार्थियों को कक्षावार विषय शिक्षक उपलब्ध नहीं होने से माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक शिक्षा स्तर के परीक्षा मूल्यांकन में गिरावट आ रहा है। सरकारी विद्यालयों के अधिकांश विद्यार्थी आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से होते हैं जो कि शाला के विद्यालय शिक्षण पर निर्भर रहते हैं। यदि दर्ज संख्या के आधार पर शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया जाता है तो विद्यार्थियों को कक्षावार विषय शिक्षक उपलब्ध नहीं होगा।



# चपका में भी ले सकेंगे पर्यटक बम्बू रॉफ्टिंग का आनंद

हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ पर्यटन को बढ़ावा देने मारकंडी नदी के तट पर बम्बू रॉफ्टिंग की सुविधा शुरू

बस्तर संभागीय मुख्यालय से 30 किमी की दूरी में ग्राम चपका में ऐतिहासिक प्राचीनकाल का शिव मंदिर मारकंडी नदी के तट पर स्थित हैं। यहां पर पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बम्बू रॉफ्टिंग की सुविधा प्रारंभ की गई है, जिससे आने वाले श्रद्धालु दर्शन के साथ-साथ पर्यटन का भी आनंद ले सकेंगे। इससे शुक्रवार को वन मण्डलाधिकारी द्वारा स्थानीय युवाओं को पर्यटन से जोड़ने एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सुरक्षित बम्बू राफ्टिंग हेतु लाइफ जैकेट का वितरण शिव मंदिर समिति चपका को स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। इस अवसर पर वन अधिकारी के साथ ग्राम चपका की सरपंच श्रीमती पीली कश्यप, वन संसाधन समिति के अध्यक्ष हितेश मौर्य, वन प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष सुशील पाणिग्राही एवं गांव के युवा सदस्य, गणमान्य नागरिक शामिल रहें।

### सीसीएफ व डीएफओ का प्रयास

वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा, बस्तर वन मण्डल जगदलपुर के वन मण्डलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता के प्रयास से उप वन मण्डलाधिकारी बस्तर आईपी बंजारे एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी भानपुरी पदम लाल पाण्डे द्वारा ग्राम चपका में बैठक लेकर ग्राम तिरिया के बम्बू राफ्टिंग के संबंध में समझाईश दिया गया, जिससे गांव वालों तैयार हुए।

## कॉलेज में दिखा नन्हा तेंदुआ...



**कांकेर।** काउंटर टेरेरिज्म जंगलवार वारफेयर कॉलेज का एक वीडियो सोशल मीडिया में काफी तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में तेंदुए का शावक घूमता दिखाई दे रहा है। वहीं कॉलेज के जवान इन नन्हें शावकों का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में शेयर करते नजर आए। जानकारों ने बताया कि यह शावक कुछ दिन पहले ही जन्म लिया होगा। वहीं जंगलवार कॉलेज और आसपास सभी अलर्ट कर दिया गया है।

### जनता और सरकार साथ खड़े हों यही है सुशासन : पाण्डे

**जगदलपुर।** समाधान शिविर संवाद से समाधान तक यह मात्र एक शिविर नहीं है बल्कि यह एक उत्सव है। सुशासन का अर्थ यही है जब जनता और सरकार साथ खड़े हों और समस्याओं का निराकरण किया जाए। इस प्रकार के शिविर आयोजित करने का उद्देश्य यही है कि जनता की समस्याओं का निराकरण तत्काल किया जाए। प्रदेश में संवेदनशील विष्णु देव साय की सरकार लगातार इस बात की चिंता कर रही है कि शासन व प्रशासन जमीनी स्तर पर किस प्रकार पहुंचे। यह बातें महापौर संजय पाण्डे ने रोटरी भवन में आयोजित समाधान शिविर के में कही। उन्होंने स्टॉल का निरीक्षण कर प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली वहीं कुछ का निराकरण मौके में ही किया।

### बस्तर के चार पारंपरिक चिकित्सकों का हुआ सम्मान

**जगदलपुर।** पिरामल फाउंडेशन और आयुष विभाग की संयुक्त पहल पर दरभा ब्लॉक के 50 पारंपरिक चिकित्सकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य पारंपरिक चिकित्सकों को आधुनिक स्वास्थ्य प्रणाली की बुनियादी जानकारी देना था। प्रशिक्षण में मानव शरीर की जानकारी, बीपी-शुगर की माप, मलेरिया किट का प्रयोग, स्वच्छता, प्रजनन स्वास्थ्य, आत्म-देखभाल, वात-पित्त-कफ संतुलन और रेफरल प्रक्रिया जैसे विषयों को शामिल किया गया। प्रशिक्षण के पश्चात रंभा जोशी के हर्बल गार्डन और औषधी का निरीक्षण - परीक्षण किया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका,
झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# भवन निर्माण का मलबा सड़क में फैला, राहगीर परेशान

हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ ठेकेदार उड़ा रहा नियमों की धज्जियां, निगम के अधिकारी जिम्मेदारी से मुंह मोड़े

संभाग मुख्यालय में अनेक क्षेत्रों के रिहायशी इलाकों में नए भवन का निर्माण कार्य जोरो पर चल रहा है। निर्माण के दौरान ठेकेदार की लापरवाही स्पष्ट देखी जा रही। आवास निर्माण के प्रथम चरण में नींव खुदाई कार्य मे गड्ढा से निकलने वाले मिट्टी मलमा को उचित निष्पादन नही किया जाता। इसके चलते मलबा मिट्टी सड़क में आ जाता। बारिश से कीचड़ में परिवर्तित होने से राहगीरों, दुपहिया वाहन चालकों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अनेक दुपहिया वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हुए है।

न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी अघनपुर से सटा रामा रेसीडेंसी में बड़े-बड़े भवन का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण के दौरान कॉलोनाइजर की समय पर मानिरिटिंग नही करने का बेजा लाभ निर्माण एजेंसी से जुड़े ठेकेदारों के द्वारा किया जा रहा है। खासकर गड्ढा खुदाई के बाद मलबा को सड़क किनारे डंप करने से उसका उचित निष्पादन समय पर नही किया जा रहा है। कालोनी के रहवासी ठेकेदार को कई मर्तबे जानकारी दी, फिर भी स्थिति जस का तस बनी है। यही बात खत्म नही होता,ठेकेदार के लोग जब नवनिर्मित आवासों की क्युरिंग करते है, तो पानी सड़क में जमा हो रहा है। इससे हाउसिंग बोर्ड के बनाये सीसी सड़क भी जगह-जगह गड्ढे में तब्दील हो गया है। इसकी शिकायत निगम के अधिकारियों को करने के बाद भी इसका असर होता नही दिख रहा है।



### होगी कार्रवाई



नगर निगम के सभी वार्ड के कालोनाइजरों को समय-समय पर समझाइस दी जा रही है। कालोनी के रहवासियों को समुचित मूलभूत सुविधा बहाल करे। नए आवास निर्माण के दौरान मलबा सड़क पर न फैले इस बात का भी ध्यान कालोनाइजर को देना चाहिए। यदि शिकायत मिलती है, तो जांच कर लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

**संजय पांडे,** महापौर

### रहवासियों को भुगतना पड़ रहा

अघनपुर न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी के रहवासियों को कालोनी से सटे निज आवासीय क्षेत्र रामा रेसीडेंसी के निर्माणाधीन आवास भवन का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। निर्माण एजेंसी से जुड़े श्रमिको को लगातार समझाइस के बाद भी उनके द्वारा ऐसा कृत्य बार-बार किया जा रहा है। इसी निर्माणाधीन कालोनी में बिना अनुमति के दर्जनों नए बोर खोदे गए।

